कक्षा 6 हिंदी व्याकरण
पाठ 3
शब्द विचार

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो –

क. शब्द किसे कहते हैं? उदाहरण देकर स्पष्ट करो?
उत्तर – दो या दो से अधिक वर्णों के सार्थक समूह को शब्द कहते हैं।
ख. उदाहरण नदी आग पृथ्वी आदि
ख. शब्दों के कितने भेद होते हैं उनके नाम लिखो?
उत्तर – हिंदी भाषा में शब्दों का विभाजन निम्नलिखित आधारों पर किया जाता है
उत्पत्ति के आधार पर
प्रयोग के आधार पर
ग. उत्पत्ति के आधार पर शब्द के कितने भेद होते हैं
उत्तर – उत्पत्ति के आधार पर शब्द के चार भेद होते हैं।
घ. तत्सम और तद्भव में क्या अंतर है? उदाहरण देकर स्पष्ट करो।
उत्तर – **तत्सम** शब्द हिंदी में जो शब्द संस्कृत भाषा से ज्यों के त्यों ले लिए गए हैं, उन्हें तत्सम शब्द. कहते हैं जैसे पुत्र निद्रा ग्राम आदि।
**तद्भव** शब्द हिंदी में जो शब्द संस्कृत भाषा से आए हैं परंतु उनका रूप परिवर्तित हो गया है उन्हें तद्भव शब्द कहते हैं जैसे आम पत्थर मछली धरती आदि।

2. नीचे दिए गए कथनों में सही के सामने (✓) तथा गलत के सामने (✗) का चिह्न लगाओ–

(क) विकारी शब्द दो प्रकार के होते हैं। (✗)
(ख) तत्सम शब्द अरबी भाषा से लिए गए हैं। (✗)
(ग) तद्भव शब्दों का रूप परिवर्तित हो गया है। (✓)
(घ) क्रिया–विशेषण अविकारी शब्द हैं। (✓)
(ङ) वर्णों के सार्थक मेल को वाक्य कहते हैं। (✓)

3. निम्नलिखित शब्दों के तत्सम रूप लिखो–

| **तद्भव** | **तत्सम्** | **तद्भव** | **तत्सम्** |
|---|---|---|---|
| (क) दाँत | दंत | (च)कौआ | काक |
| (ख) गाँव | ग्राम | (छ)दही | दधि |
| (ग) केला | कदली | (ज)बाघ | व्याघ्र |
| (घ) ताँबा | ताम्र | (झ)ससुर | श्वसुर |
| (ङ.) भालू | भल्लक | (ञ)सावन | श्रावण |

4. हिंदी में प्रयोग किए जाने वाले अँगरेजी और फारसी भाषाओं के पाँच–पाँच शब्द लिखो–

| **अँगरेज़ी भाषा** | **फारसी भाषा** |
|---|---|
| कॉलेज | कागज |
| प्लेट | बाजार |
| बिस्कुट | चश्मा |
| डायरी | उम्मीद |
| बैंक | जमीन |

5. दिए गए प्रश्नों में सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाओ–

(क) 'तत्सम्' शब्द है।(अ) मछली (ब) निद्रा (स) आम

(ख) 'धरती' शब्द है–
(अ) तत्सम (ब) तद्भव (स) देशज

(ग) भारतीय भाषा या बोली से उत्पन्न शब्द को कहते हैं–
(अ) देशज (ब) विदेशज (स) रूढ़